D 25.11.24
Pg. 1 D+

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (चित्र-लेखन)

पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण-8

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा आठवीं की हिंदी व्याकरण की पुस्तक वीवा -8 के पृष्ठ-204 पर दिए चित्र-लेखन के बारे में पढ़ेंगे।

बच्चो, आज के विषय चित्र वर्णन के विषय में तो आप अपनी पिछली कक्षाओं में भी करते आ रहे हैं फिर भी इस विधा के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

किसी चित्र को देखकर उसमें निहित विचारों को अपने शब्दों में प्रस्तुत करना चित्रलेखन कहलाता है। चित्रलेखन एक कला है। किसी भी चित्र को देखकर आपके मन में विभिन्न प्रकार के भाव उद्धृत होते हैं। अतः उनकी अभिव्यक्ति में थोड़ा-बहुत अंतर हो सकता है लेकिन मूलभाव समान ही होता है। चित्रलेखन में निपुणता प्राप्त करने के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है। चित्रलेखन के द्वारा आपकी कल्पना शक्ति का विकास होता है। इसे लिखते समय आप अपने विचारों को बारीकी से लिखते हैं।

चित्रलेखन करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

* दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखना चाहिए।
* चित्र के आधार पर समय, ऋतु, पात्रों की संख्या, वेषभूषा, आयु तथा भाव का सूक्ष्म निरीक्षण करना चाहिए।



Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन)

* चित्र में दर्शायी गई पृष्ठभूमि को समझने का प्रयास करना चाहिए।
* पात्रों के हाव-भाव को देखते अपने विचारों को कल्पना-शक्ति के आधार पर एक सुंदर कहानी या लेख में विस्तार से लिखना चाहिए।
* चित्र का वर्णन सरल, स्पष्ट व रोचक तथा भाषा पात्रानुकूल होनी चाहिए।
* कहानी का विकास इस ढंग से किया जाना चाहिए कि पढ़ने वाले की रुचि व जिज्ञासा बनी रहे।
* विद्यार्थी को अपनी कल्पना शक्ति में इतना भी नहीं खोना चाहिए कि वह मूल विषय से ही भटक जाए।
* चित्र में दर्शायी गई सभी छोटी-बड़ी सामग्री का वर्णन करना चाहिए। अतः विद्यार्थी को चित्र सभी पहलू पर बारीकी से देखना चाहिए।
* एक ही चित्र के आधार पर छात्र अलग-अलग विचार अथवा कहानी भी लिख सकते हैं क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की कल्पना शक्ति एक-दूसरे से पृथक होती है। इसलिए विचारों में भिन्नता होना सामान्य बात है।
* चित्रलेखन करते समय इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि कुछ भी लिखा जाए उसका सीधा संबंध चित्र से हो तभी कहानी की सजीवता को कायम रखा जा सकता है।

सभी बच्चे यदि उपर्युक्त बिंदुओं पर ध्यान देंगे तो निश्चित रूप से आपको यह प्रश्न दूसरे प्रस्तावों की अपेक्षा सरल प्रतीत होगा और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में भी सक्षम होंगे।



Scanned with CamScanner

25.11.24

Dt
Pg. 3 B


कक्षा- आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (चित्रलेखन)

सब बच्चे चित्रलेखन का अधिक से अधिक अभ्यास करें।

अब मैं आपको गृहकार्य करने को दे रही हूँ।

गृहकार्य:-

सब बच्चे नीचे दिए चित्र को ध्यान से देखें और चित्र को आधार बनाकर कोई लेख या कहानी लिखेंगे। जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ-3)

Scanned with CamScanner